दैनिक प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 55 मुरादाबाद 18 June 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## सीएम के निर्देश के बाद आज को जारी होगा यूपी बोर्ड रिजल्ट



यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम शनिवार को घोषित होगा। सचिव दिव्यकांत शुक्ल के अनुसार शनिवार दो बजे हाईस्कूल और चार बजे इंटरमीडिएट का परिणाम यूपी बोर्ड के प्रयागराज मुख्यालय से जारी किया जाएगा। परीक्षाफल बोर्ड की वेबसाइट upmsp.edu.in तथा एनआईसी की वेबसाइट upresults.nic.in पर भी देखा जा सकता है। आपको बता दें कि सीएम ने निर्देश दिए थे कि रिजल्ट निकलने की सूचना अभिभावकों-परीक्षार्थियों को जरूर दी जाए। यूपी बोर्ड की सत्र 2021-22 की परीक्षा मार्च से अप्रैल के बीच हुई थी। परीक्षाओं के लिए 51 लाख 92 हजार 689 छात्रों ने पंजीकरण कराया था, इनमें से 47 लाख 75 हजार 749 छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया था। बोर्ड ने कॉपियों का मूल्यांकन पूरा कर रिजल्ट तैयार कर लिया है। हाईस्कूल में पंजीकृत 27 लाख 81 हजार 654 विद्यार्थियों में 15 लाख 53 हजार 198 बालक और 12 लाख 28 हजार 456 बालिकाएं हैं जबकि इंटरमीडिएट में पंजीकृत 24 लाख 11 हजार 35 विद्यार्थियों में 13 लाख 24 हजार 200 बालक और 10 लाख 86 हजार 835 बालिकाएं हैं। प्रदेश सरकार ने बोर्ड परीक्षा की शुचिता बनाए रखने के लिए पुख्ता इंतजाम किए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगे थे। सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए थे। परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई भी की गई। बलिया के डीआईओएस को जेल जाना पड़ा और बाद में निदेशक को निलम्बित किया गया।

### पिछले साल कोरोना के कारण नहीं हुई थी परीक्षा

पिछले साल कोरोना महामारी के संकट के कारण यूपी बोर्ड ने 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं रद्द कर दी थीं। कक्षा 9 की वार्षिक परीक्षा और कक्षा 10 की आंतरिक परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर 10वीं का रिजल्ट तैयार हुआ। वहीं इंटरमीडिएट में छात्रों के कक्षा 10, कक्षा 11 और कक्षा 12 के आंतरिक अंकों को आधार बनाया था। कक्षा 10 में 99.52 फीसदी और कक्षा 12 में 97.88 फीसदी छात्र पास हुए थे।

## विदेशी बैंक में खरबों पड़ा देश फिर भी गरीबी से जूझ रहा, मायावती का सरकार पर हमला



बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्विट्ज़रलैंड बैंक में देश के धन्नासेठों के जमा पैसे पर सरकार को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने शुक्रवार को ट्वीट कर कहा है कि भारतीय पूंजीपतियों व धन्नासेठों की स्विटजरलैण्ड के बैंकों में जमा धन 14 वर्ष के रिकार्ड स्तर पर 3.83 बिलियन फ्रैंक पहुंचने की खबर चर्चाओं में है। जिस पर गरीबी, महंगाई व बेरोजगारी आदि के अभूतपूर्व संकट से जूझ रहे देश के लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि वे कैसे खुश हों? आपको बता दें कि भारत के लोगों का स्विट्जरलैंड के बैंकों में 50 प्रतिशत बढ़कर 14 साल के उच्चतम स्तर 3.83 अरब स्विस फ्रैंक पर पहुंच गया है। स्विट्जरलैंड के केंद्रीय बैंक के जारी वार्षिक आंकड़ों के अनुसार, स्विस बैंकों में भारतीयों का पैसा बढ़ा है। पहले 2020 के अंत तक स्विट्जरलैंड के बैंकों में भारतीयों का धन 2.55 अरब स्विस फ्रैंक था। आंकड़ों के अनुसार, स्विट्जरलैंड के बैंकों पर 2021 के अंत तक भारतीय ग्राहकों की कुल देनदारी 383.19 करोड़ स्विस फ्रैंक थी। इसमें से 60.20 करोड़ फ्रैंक ग्राहकों की जमा राशि के रूप में हैं। 122.5 करोड़ स्विस फ्रैंक अन्य बैंकों के जरिये रखे गए हैं और 30 लाख फ्रैंक ट्रस्ट आदि के जरिये हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## अग्निपथ के खिलाफ प्रदर्शन हुआ उग्र, केंद्रीय मंत्री ने की युवाओं से रेलवे की संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाने की अपील



केंद्र सरकार की सेना में भर्ती की नई योजना अग्निपथ योजना का विरोध लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को यूपी, बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और उत्तराखंड में इस योजना को लेकर जमकर हंगामा देखने को मिला। बिहार में प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन की एक बोगी को आग के हवाले कर दिया जबकि हरियाणा के पलवल में जबरदस्त हिंसा हुई।

### हरियाणा में 24 घंटे तक इंटरनेट सेवाएं सस्पेंड

अग्निपथ योजना के विरोध के मद्देनजर हरियाणा सरकार ने संभावित कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए मोबाइल इंटरनेट सेवाओं, सभी एसएमएस सेवाओं को निलंबित करने का आदेश दिया है। आदेश अगले 24 घंटों के लिए तत्काल प्रभाव से यानी 16.30 बजे ( कल ) तक लागू रहेगा। अग्निपथ योजना को वापस लें सरकार- संगरूर में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि हम इसका विरोध करते हैं। हमें फौज किराए पर नहीं चाहिए। केवल 21 साल की उम्र में हम उन्हें पूर्व सैनिक कैसे बना सकते हैं? वे कठोर परिस्थितियों में देश की रक्षा करते हैं। राजनेता कभी सेवानिवृत्त नहीं होते हैं, केवल सैनिक होते हैं, जनता जो सेवानिवृत्त होती है... मैं अपील करूंगा कि अग्निपथ योजना को वापस लें। हमारे लड़के फौज़ में जाना चाहते हैं उनकी देशभक्ति का सम्मान करें जब तक वे देश की रक्षा करने में सक्षम हैं, तब तक उन्हें काम करने दें। रेलवे की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं युवा- अग्निपथ के विरोध पर केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मैं युवाओं से अपील करता हूं कि वे हिंसक विरोध प्रदर्शन में शामिल न हों और रेलवे की संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं। रेलवे देश की संपत्ति है। सिकंदराबाद में पुलिस की फायरिंग में एक की मौत, 12 घायल- अग्निपथ योजना के विरोध में सिकंदराबाद में पुलिस की गोलीबारी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। अग्निपथ भर्ती योजना के विरोध में पहला हताहत हुआ, जिसने शुक्रवार को तीसरे दिन कई राज्यों में ट्रेनों को आग लगा दी, सार्वजनिक संपत्ति में तोड़फोड़ की और कई हजारों पटरियों और राजमार्गों को अवरुद्ध कर दिया। तेलंगाना के हैदराबाद में गांधी अस्पताल के अधीक्षक राजा राव ने कहा कि अस्पताल लाए गए 13 लोगों में एक की मौत हो गई। घायलों में एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, उसके सीने में चोट आई है। हम बाकी की जांच कर रहे हैं। छात्रों को गुमराह कर रहा है विपक्ष- बिहार की डिप्टी सीएम रेणु देवी, जिनके घर पर हमला हुआ था ने कहा कि 4 साल पूरे होने के बाद अग्निवीरों के पास नए सिरे से शुरू करने के लिए 12 लाख का आर्थिक पैकेज होगा। ऋण, शैक्षिक पाठ्यक्रम, सीएपीएफ के लिए उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। विपक्ष छात्रों को गुमराह कर रहा है और उनके गुंडे सार्वजनिक संपत्ति को नष्ट कर रहे हैं। सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर 4-5 इंजन और 2-3 डिब्बों में लगी आग- सिकंदराबाद रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक एके गुप्ता ने कहा - अग्निपथ प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन के 4-5 इंजन और 2-3 डिब्बों में आग लगा दी गयी है। हम किये गए नुकसान का विश्लेषण करेंगे। एक व्यक्ति के घायल होने की जानकारी मिल रही है। यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेन सेवाएं अस्थायी रूप से रोकी गई है।

### भारतीय वायु सेना के लिए भर्ती प्रक्रिया 24 जून से होगी शुरू

भारत वायु सेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने कहा- यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि ऊपरी आयु सीमा ( भर्ती के लिए ) को संशोधित कर 23 वर्ष कर दिया गया है। इससे युवाओं को लाभ होगा। भारतीय वायु सेना के लिए भर्ती प्रक्रिया 24 जून से शुरू होगी।

# आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम की बैठक सम्पन्न

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत "हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि 'हर घर तिरंगा" कार्यक्रम के व्यापक रूप से पूरे जनपद में 11 से 17 अगस्त 2022 तक मनाये जाने की तैयारी समय से सुनिश्चित कर लिया जाये। उन्होने कहा कि जनपद वासियों को अपने घर एवं प्रतिष्ठानों पर झण्डा फहराने के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होने कहा कि प्रत्येक नागरिक के मन में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करते हुए स्वतंत्रता के प्रतीकों के प्रति सम्मान का भाव उजागर करना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारियों के साथ-साथ पर्यवेक्षकों की भी तैनाती प्रत्येक विकास खण्ड एवं ग्राम पंचायतों के स्तर पर की जाये तथा विभिन्न स्तरों पर इसकी नियमित समीक्षा की जाये। सभी प्राथमिक/माध्यमिक स्कूलों में 卐पैरेन्ट टीचर मीटिंग卐 के माध्यम से कार्यक्रम के सम्बन्ध में भी सभी को जानकारी दी जाये। 卐हर घर तिरंगा卐 कार्यक्रम के वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार सूचना विभाग के माध्यम से एलईडी वैन के माध्यम से एवं सिनेमाघरों, मल्टीप्लेक्स, केबिल नेटवर्क, स्थानीय सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से फ्लायर, वीडियो अपील, रेडियो जिंगल आदि के द्वारा किया जाये। हर घर तिरंगा कार्यक्रम हेतु जनपद के समस्त सरकारी अधिकारी/कर्मचारियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आँगनबाड़ी कर्मियों, आशा बहुओं आदि को पूर्व निर्धारित लक्ष्य दिया जाये तथा उक्त लक्ष्य की प्राप्ति हेतु किये गये प्रयासों की नियमित समीक्षा की जायेगी। उन्होने कहा कि जनपद में विभिन्न स्तरों पर 'हर घर तिरंगा हेतु झण्डा की सिलाई आदि का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कर लिया जाये। तथा निर्धारित लक्ष्य के अनुसार झण्डा निर्माण हेतु आवश्यक सामग्री का प्रबन्ध भी करा लिया जाये। जनपद के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर निकाय हेतु स्थानीय स्तर पर लक्ष्य का निर्धारण कर लिया जाये। समस्त प्रेरकों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया जाये, जो समस्त शिक्षा संस्थानों, राशन दुकानों, पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रत्येक नागरिक को इस कार्यक्रम से जोड़ने हेतु व्यापक प्रेरक अभियान चलायेंगे। उन्होने निर्देश दिया कि जनपद के समस्त घरों, दुकानों, कार्यालयों, प्रतिष्ठानों, शैक्षणिक संस्थानों एवं अन्य सरकारी एवं गैर सरकारी परिसरों में झण्डों की उपलब्धता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित कर ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला पंचायत राज अधिकारी आनन्द प्रकाश, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह,डी0सी0एन0आर0एल0एम0, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशा सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका भिनगा यदुनाथ, सहायक उपायुक्त उद्योग अरविन्द कुमार भास्कर, सदभावना समिति के अध्यक्ष योगेन्द्रमणि त्रिपाठी सहित सदभावना समिति के सदस्यगण एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# भाजपा के कार्यकर्ता बूथ पर जाकर ग्रामीणों से किया संपर्क



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- बूथ संपर्क अभियान के तहत शक्ति केन्द्र प्रभारी /जिला कार्यसमिति सदस्य कमलेश मिश्रा ने विधानसभा 289 भिनगा मण्डल जमुनहा अंतर्गत आवंटित शक्तिकेंद्र शिकारी चौड़ा के वीरगंज पटना बूथ स.55 वीरपुर लौकिहा बूथ स.60,61 व शिकारी बूथ स. 62 पर पहुंच कर पार्टी द्वारा आया पत्रक वितरित किया एवं केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही लोककल्याणकारी योजनाओं की चर्चा की साथ में मण्डल महामंत्री जय प्रकाश वर्मा सेक्टर अध्यक्ष फूलचंद गुप्ता जी शक्तिकेंद्र संयोजक समस्त बूथ अध्यक्ष गण बूथ के पदाधिकारी मौजूद रहे !

# अपर पुलिस अधीक्षक ने यू0पी0-112 गाड़ियों व पुलिस लाइन का किया निरीक्षक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- अपर पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती के0सी0 गोस्वामी द्वारा पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया। परेड के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड पर उपस्थित सभी कर्मचारियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के दृष्टिगत योगाभ्यास कराया तथा अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने के लिए प्रत्येक दिन पी0टी0, योगासन आदि करने के लिए प्रेरित किया । अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0-112 गाड़ियों का निरीक्षण किया तथा कमियों को दूर कराने हेतु प्रभारी यूपी-112 को निर्देशित किया गया। ड्यूटी के दौरान समस्त कर्मचारी बावर्दी दुरुस्त रहकर अपनी ड्यूटी कर्तव्य निष्ठा के साथ जनता से मधुर व्यवहार स्थापित करने हेतु निर्देशित किया ।

# सेना में भर्ती के लिए 2 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन के लिए पंजीयन 20 जून से

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही- सेना में भर्ती होने के लिए जिले के युवाओं के लिए सुनहरा अवसर है। इसके लिए जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कुलदीप सैगल की विशेष पहल पर युवाओं को नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाना है। प्रशिक्षण के लिए 16 से 22 वर्ष आयुवर्ग के युवक-युवती 20 जून से 22 जून तक शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसी तरह 20 जून से हैलीपेड मरवाही में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग, खेल विभाग, पुलिस विभाग एवं पूर्व सैनिकों के समन्वय से सशस्त्र सेना के तीनो अंग (जल, थल, वायु), सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्स बीएसएफ, सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी एवं पुलिस विभाग द्वारा वर्दीधारी पदों के लिए होने वाली विभिन्न भर्तियों के लिए क्षेत्रीय युवाओं को तैयारी कराना है। इसके लिए शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय पेण्ड्रा में 23 जून से 2 माह का नि:शुल्क प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण की अवधि 2 माह की होगी, जो प्रतिदिन प्रात: 6 से 9 बजे तक संचालित होगी। इस शिविर में प्रतिभागियों को लिखित एवं शारीरिक परीक्षा के लिए गहन प्रशिक्षण दिया जाएगा। लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा प्रतिभागियों को तर्कशक्ति, गणित, अंग्रेजी, सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान विषय की तैयारी करायी जाएगी। इस दौरान व्यक्तित्व विकास एवं अन्य उपयोगी कौशलों की भी जानकारी दी जाएगी, जो प्रतिभागियों को आदर्श नागरिक बनाने में उपयोगी साबित होगी।

**अन्य खबरों के लिए देखे WWW.KNLSIVE.COM**

# मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कोविड टीकाकरण कार्यों का किया निरीक्षण

ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

गौरेला पेंड्रा मरवाही-कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी और रिप्रोडक्टिव चाइल्ड हेल्थ नोडल डॉ. अभिमन्यु सिंह द्वारा आज गौरेला और पेंड्रा विकासखंड के बसंतपुर, मुरमुर, पीथमपुर, कोडगार और बस्ती स्वास्थ्य केंद्रों के अंतर्गत कोविड टीकाकरण के कार्यों का निरीक्षण किया गया।



मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा कोविड टीकाकरण के कार्यों को प्राथमिकता से कराए जाने कहा गया तथा बस्ती में कोविट टीका लगवाने वाले लोगों की संख्या कम होने के कारण टीम को मोहल्ले में जाकर टीका लगाने के निर्देश दिए गए है। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक सम्पन्न



- ऑपरेशन कायाकल्प में धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य प्रगति में तेजी लाने के दिए निर्देश
- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन विकास खण्डों पर पेन्डिग न रहे
- आईजीआरएस पोर्टल पर आ रहीं शिकायतों का समयबद्धता से निस्तारण सुनिश्चित करें
- सभी विकास खण्डों की पैरामीटर वाइज संतृमीकरण की रिपोर्ट पूर्ण विवरण के साथ एडीओ पंचायत को उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय पर जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प के अर्न्तगत जनपद के विद्यालयों को 19 पैरा मीटर के अनुसार कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी ब्लाकों में ऑपरेशन कायाकल्प के अर्न्तगत किए गये कार्यो की समीक्षा करते हुए गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने ऑपरेशन कायाकल्प में बिलारी, मूढापाण्डे, ठाकुरद्वारा तथा मुरादाबाद ब्लाक की कार्य प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए विशेष ध्यान देते हुए कार्य प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने 14 से जून से 21 जून तक अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस सप्ताह मनाये जाने के संबंध में जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि 18,20 एवं 21 जून को विद्यालयों में योगा शिविर लगायें और आयुष कवच ऐप पर की गयी योगाभ्यास पर अपलोड करें, ताकि लक्ष्य प्राप्त किया जा सके। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारियों से कहा कि आपके स्तर पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के आवेदन पेन्डिग न रहें इसको सुनिश्चित किया जाये। खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा एडीओ पंचायत ब्लाक मुख्यालय पर द्वितीय एवं चैथे शनिवार को नियमित रुप से बैठक करें और आपसी समन्वय बनाये रखें। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई/आई0जी0आर0एस0 पर जो भी शिकायतें आ रहीं हैं बिना डिफाल्टर रहते हुए समयबद्धता से शिकायतों का निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। ब्लाक दिवस में जो लोग शिकायत लेकर आयें उनका समयबद्धता से निस्तारण किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि जनता की शिकायतों को प्रतिदिन कार्यालय में बैठकर नियमित रुप से सुना जायें, तथा निर्माण कार्य गुणवत्तायुक्त हों इसको सुनिश्चित किया जाये। ब्लाक स्तर से जो भी सत्यापन रिर्पोट जिला स्तरीय अधिकारियों को भेजी जाती हैं उनको समय से एवं गुणवत्तापूर्ण उपलब्ध कराया जाये। पात्र लाभार्थियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिले, इसको सुनिश्चित किया जाये। शासन द्वारा जारी किए गये दिशानिर्देशों का अनिवार्य रुप से पालन किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी विद्यालयों में जहां जगह है वहां परिसर में वृक्षारोपण कराकर लक्ष्य को पूर्ण किया जाये। उन्होंने कहा कि जो सामुदायिक भवन बन गये हैं उनका समुचित रुप से सदुपयोग हो। कौन सचिव किस ग्राम के पंचायत भवन में किस दिन बैठेंगे समय एवं दिनांक निर्धारित कर इसी के अनुसार बैठना सुनिश्चित करें और अधिकारी भी फील्ड में जाये तो पंचायत भवन का निरीक्षण अवश्य करें, ताकि पता चल सके पंचायत भवन खुला है या बंद है। मुख्य विकास अधिकारी आनन्द वर्धन ने कहा कि जिन पैरा मीटर पर पूर्व बैठक में कार्य के निर्देश दिये गये थे, कार्य पूर्ण न होने पर निराशा हुई है, आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने बिलारी, कुन्दरकी, मूढापाण्डे द्वारा बिना तैयारी के बैठक में आने पर नाराजगी जाहिर करते हुए पूर्ण तैयारी एवं बेहतर कार्य प्रगति के साथ बैठक में प्रतिभाग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प कार्यो को प्राथमिकता से लें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं ए0डी0ओ0 पंचायत, उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# युवाओं को रोजगार देने में अव्वल रही प्रदेश सरकार-कमिश्नर

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आयुक्त मुरादाबाद मण्डल श्री आन्जनेय कुमार सिंह ने बताया है कि मानव विकास के साथ ही समाज में आर्थिक प्रगति सदियों से रही है। ज्यों-ज्यों समाज आगे बढ़ता गया, उसकी आर्थिक गतिविधियाँ भी बढ़ती रहीं। आधुनिक समाज के इस वैज्ञानिक एवं तकनीकी युग में अर्थवाद हर स्तर पर हावी है। आज माता-पिता अपने बच्चों को पढ़ाकर उन्हें रोजगार से लगाने के लिए उत्सुक रहते हैं। आज के युवा पढ़-लिखकर सरकारी, गैर सरकारी, प्राइवेट नौकरी या स्वयं का व्यवसाय, उद्योग, दुकान आदि लगाकर आत्मनिर्भर होने पर ही अपने को पूर्ण मानते हैं। आयुक्त ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी युवाओं/युवतियों को रोजगार के लिए हर स्तर पर सहयोग दे रहे हैं। शासकीय सेवाओं की नौकरियों के लिए प्रतियोगी परीक्षायें समय से कराते हुए सफल अभ्यर्थियों को समय से नियुक्ति दी जा रही है। शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों की भारी संख्या में नियुक्ति की गई है। माध्यमिक शिक्षा के शिक्षकों की भर्ती निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से अगस्त, 2021 में परीक्षा, अक्टूबर में रिजल्ट एवं नवम्बर, 2021 के अन्त में अंतिम परीक्षा परिणाम घोषित कर दिसम्बर, 2021 में सफल शिक्षकों को नियुक्ति दे दी गई जो माध्यमिक शिक्षा की सबसे तेज और सफल नियुक्ति रही। इस नियुक्ति से अभ्यर्थियों द्वारा सरकार की प्रसंसा भी की गई।बताया कि प्रदेश सरकार की ''एक जनपद एक उत्पाद'' योजना सभी जिलों में संचालित है। इस योजना के उत्पाद राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने में सफल रहा है। आज इस योजना के विभिन्न उत्पादों में प्रदेश के 25 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। प्रदेश में विभिन्न निवेश परियोजनायें शुरू हो गई है, इन परियोजनाओं में प्रदेश के लगभग 5 लाख युवाओं को रोजगार मिला है। प्रदेश सरकार के स्टार्ट-अप नीति के तहत काफी लोग अपना उद्यम आरम्भ कर दिये हैं। इन स्टार्ट-अप नीति के अंतर्गत प्रदेश के 5 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ा गया है। प्रदेश सरकार विकास के हर क्षेत्र में लोगों को रोजगार से जोड़ रही है। प्रदेश सरकार ने प्रदेश की समस्त ग्राम पंचायतों में एक-एक पंचायत सहायक/लेखाकार, सह-डाटाएण्ट्री आपरेटर को ग्राम सचिवालय में नियुक्त करने की व्यवस्था की है। इसके अंतर्गत 56436 पंचायत सहायकों का चयन किया गया है। आयुक्त ने बताया कि प्रदेश सरकार पुरूषों के अतिरिक्त महिलाओं को भी रोजगार से जोड़ते हुए महिला सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाये हैं। आज प्रदेश की महिलायें स्वरोजगार स्थापित करते हुए आत्मनिर्भर बन रही है। प्रदेश में 10 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया है। इन समूहों के माध्यम से प्रदेश की एक करोड़ महिलाओं को रोजगार मिला है। इसके साथ ही प्रदेश की 58758 महिलायें बैंकिंग करॅरेस्पोंडेंट ( बी0सी0 ) सखी के रूप में चयनित होकर बैंकिंग सेवा गाँवों में घर-घर दे रही है। इसके साथ ही प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के अंतर्गत करोड़ों मानव दिवस का सृजन कर रोजगार दिया है। कमिश्नर ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी युवाओं को हर क्षेत्र में रोजगार से लगाने के लिए तत्पर है। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले प्रतिभागियों/छात्र-छात्राओं को परीक्षा की तैयारी करने के लिए हर जिले में ''मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना'' लागू की है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क कोचिंग के माध्यम से पढ़ाया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न उद्यम स्थापित कर स्वरोजगार हेतु ''उद्यम सारथी एप'' के माध्यम से पूरी जानकारी दी जा रही है। प्रदेश सरकार रोजगार देने में अव्वल रहते हुए कीर्तिमान स्थापित किये हैं।

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Rolled index

There is an atmosphere of doubt and fear in the stock market, due to which its decline is not taking the name of stopping.

It is a matter of concern that on Thursday, the stock market Sensex broke 1,045 points and reached the lowest level of the last 52 weeks. Experts are telling that in one day five lakh crore rupees of investors have been sunk. The tension was already going on, investment has not only come down, but foreign investors are also engaged in selling.

In such a situation, especially when America's central bank decided to increase interest rates, then the selling in Indian stock markets intensified. Foreign investors are short of money or are about to happen, the result is visible on the stock markets. However, there were already fears of a fall in the stock markets, as even small changes in the US economy affect investors in India.

Actually, the US economy is at its lowest level right now. The central bank there has had to increase interest rates by up to 0.75 percent, meaning the bank interest rate in the US is at its highest level in three decades. Not only this, just as the Reserve Bank of India is indicating an increase in interest rates, the US central bank can also increase the interest rate in the coming days. This means that the stock market may fall further.

This year, foreign investors are almost continuously engaged in withdrawing money by selling shares. Thousands of crores of rupees have gone out of the country, so the attractiveness of the stock markets has also decreased. While there are only a few companies that are able to maintain their value, it has become difficult for most companies to maintain their clout. Investors are not ready to trust most of the companies.

The question is also that when the return of trust is not being done in America, then how will it happen in India? In fact, inflation is one of the factors that has plagued every budget. If governments are not in a position to take tough decisions, then the stock market is in trouble. In fact, at the time of Corona, most of the governments of the world had given up trying to control inflation, so inflation became a series in itself.

There is also a side that governments have not taken much steps on their part to contain inflation. They have relied only on monetary measures of their respective central banks. By the way, inflation can be controlled to an extent only by stopping the flow of money. There is a need to take concrete measures to control inflation, otherwise we will move towards a kind of recession. Stock markets are facing a downturn in most countries of the world.


The problems are increasing due to the non-end of the Russo-Ukraine war, the increasing indirect and direct participation of countries in the war, bad weather, reduced production and inflation. While institutional investors are taking precautions, ordinary investors should be cautious.

Remember, the stock market alone is not the full face of our economy. Other concrete measures are needed to improve and shine the whole face of the economy.

If more money reaches the pocket of the common man, then the demand will increase and the economy will get real strength.


## Rohit Shetty gave good news - Singham 3 is coming, will do a big blast with Ajay Devgan

There is good news for the people who are fond of Rohit Shetty's films. Singham 3 has been announced. Rohit Shetty is currently shooting for Khatron Ke Khiladi 12 in Cape Town. There he told the media that the preparations for the third installment of Singham have started. Rohit also told that the shooting of the film will start from April next year. He also talked about working with Ajay Devgn in the film. The first part of the film came in 2011, which was very much liked by the people. Its sequel came in 2014, now the fans were waiting for the third part for a long time. The film will start in April - Cop Universe fans of Ajay Devgan and Rohit Shetty can be happy. Makers have started preparing to give them a banging entertainment. Rohit Shetty told that Singham 3 is in the pipeline and work will start on it next year. According to the report of Indian Express, Rohit Shetty said, I am focusing on the next chapter of Singham. We will start filming in April after Circus releases. Singham is technically a part of Simmba and Sooryavanshi but it has been a long time working with Ajay. Rohit is preparing to make something big - Last Singham came in 2014 and it is very favorite film on satellite. Time has changed. The canvas has grown and I want to do something big with Ajay. Rohit also revealed that it will be one of the big productions. He explains, everything has overlapped. We will release Circus soon. I am here shooting for Khatron Ke Khiladi.



## Esha Gupta, who showed bold acts in 'Aashram 3', will not marry, know what is the wedding plan!

Actress Esha Gupta beats many beauties in terms of hotness. The actress also created panic by giving bold scenes with actor Bobby Deol in Ashram 3. The audience liked her a lot in the character of Sonia in the series. Since then, the situation is that if Isha shares any photo or video, then it becomes viral. So right now a video of Esha Gupta is becoming increasingly viral on social media, in which she is seen speaking about her marriage. Esha Gupta's fans are shocked to hear her words. Video of Esha Gupta Viral- Viral Bhayani has shared this video with his Insta handle. In the video going viral, it is seen that Esha Gupta was waiting for her car on the road, when photographers come to her. The paparazzi seems to be in a mood for fun and the actress while talking about her friend says, 'He doesn't want to get married.' To this the actress replies, 'Why do poor marriage.' These are the wedding plans of the actress- Esha Gupta also laughing and replying to the paparazzi says, 'I will not even marry. What is the need of marriage? Isha tells that person when you want, do not marry now. Fans were surprised to hear this plan on Isha's marriage and started questioning her by commenting. One fan wrote, 'Sometimes will marry.' So the other one wrote, 'I have heard that you have a boyfriend, so will not marry him? People liked Esha Gupta's acting and boldness in Ashram 3. Regarding intimate scenes, the actress had said that she did not have any problem in doing all this on screen. In the series, Sonia gets to know about the exploits of Baba Nirala and takes advantage of herself. This was the third chapter of Prakash Jha's series Ashram and now the fourth chapter will also come. It stars Bobby Deol, Aditi Pohankar, Esha Gupta, Darshan Kumar, Chandan Kumar Sanyal, Tridha Choudhary and others in lead roles.



## जैथरा पुलिस द्वारा साइकिल चोरी की घटना में वांछित चल रहा एक शातिर चोर चुराई हुई चार साइकिलों सहित गिरफ्तार



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदय शंकर सिंह के निर्देशन में जनपद में चोर तथा लुटेरों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जैथरा पुलिस द्वारा एक शातिर चोर को चुराई हुई चार साइकिलों सहित गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। घटना- दिनांक 16.06.2022 को वादी अरविन्द पुत्र रामवीर सिंह निवासी कंसा पछाया थाना जैथरा जिला एटा द्वारा थाना जैथरा पर इस आशय की सूचना दी कि दिनांक 15.06.2022 को वह अपने गांव से कस्बा जैथरा दवाई लेने के लिये आया था वादी ने अपनी साइकिल मेडिकल के बाहर खडी कर दी थी जहां से उसकी साइकिल को कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया है। इस सूचना पर थाना जैथरा पर मु0अ0सं0 219/22 धारा 379 भादवि बनाम अज्ञात चोर पंजीकृत किया गया गिरफ्तारी- आज दिनांक 17.06.22 को थाना जैथरा पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर उक्त घटना से सम्बन्धित साइकिल चोर को चोरी की चार साइकिलों सहित वरना तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया, अन्य तीन साइकिलों के संबंध में अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसने बताया कि यह तीनों उसने साइकिल कस्बा जैथरा से ही चोरी की थी जिनके संबंध में जानकारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

www.knlslive.com

## संदिग्ध अवस्था में मिला महिला अर्चना का शव फैली सनसनी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जनपद में नहीं थम रहा शवों का मिलना अज्ञात महिला की धारदार हथियार से की गई निर्मम हत्या, अज्ञात हत्यारों के द्वारा महिला के गले पर कई बार कर हत्या को दिया था अंजाम,अज्ञात महिला की हुई पहिचान अज्ञात महिला का नाम अर्चना पत्नी दिनेश ससुराल गांव महेवा जनपद हाथरस मायका बड़ा भोड़ेला अवागढ़ बताया गया है घटना की जानकारी पर एसएसपी उदय शंकर सिंह पुलिस फोर्स के साथ पहुंचे थे घटना स्थल पर,महिला का शव मिलने से क्षेत्र में फैली सनसनी,पुलिस महिला की सिनाख्त करने की जुटी, फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड की मदद से पुलिस अज्ञात हत्यारों का सुराग लगाने की कर रही है कोशिश। आवागढ़ थाना क्षेत्र के नगला किशन सिंह का मामला।

## एक बार फिर एटा डीएम और एसएसपी की धर्म गुरुओं संग बैठक लाई रंग, जुमे की नमाज हुई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

### डीएम और एसएसपी की कार्यशैली की लोग कर रहे है प्रशंसा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा ने फिर दिया हिन्दू मुस्लिम एकता और भाई चारे का परिचय, जनपद एटा में जुमे की नमाज हुई शांतिपूर्ण संपन्न,एटा के मुस्लिम भाईयों ने जिले में अमन चैन बने रहने के लिए की दुआएं, जनपद की तीनों तहसील क्षेत्र के 190 स्थलों पर की गई जुमे की नमाज अदा, डीएम अंकित कुमार अग्रवाल और एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह लगातार करते रहे शहर में पैट्रोलिंग, डीएम एसएसपी ने धर्म गुरुओं संग मिलकर अमन चैन लाने के लिए की थी बैठकें, एटा एसएसपी उदयशंकर सिंह ने पूरे जनपद में ह्व के जवानों सहित भारी पुलिस बल किया था तैनात, डीएम एसएसपी सहित जिले के अन्य अधिकारी भी जनपद में करते रहे लगातार पेट्रोलिंग,सोशल मीडिया, व्हाट्सएप, फेसबुक पर है पुलिस की रही पैनी नजर, अफवाह फैलाने वाले और माहौल खराब करने वाले आरोपियों के खिलाफ पुलिस करेगी कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई, एटा डीएम अंकित कुमार अग्रवाल और एसएसपी उदय शंकरसिंह ने शुक्रवार को जुमे की नमाज को दृष्टिगत शहर के जीटी रोड,किदवई नगर,ठण्डी सड़क,माया पैलेस चौराहा,गोदाम चौकी तिराहा,पटियाली गेट,नन्नूमल चौहारा सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लगातार लिया जायजा।

## एटा जनपद की तीनों तहसील क्षेत्र के 190 स्थलों पर जुमे की नमाज सकुशल सम्पन्न



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- एटा-जिला मजिस्ट्रेट अंकित कुमार अग्रवाल,एसएसपी उदय शंकर सिंह ने शुक्रवार को जुमे की नमाज को दृष्टिगत शहर के जीटी रोड, किदवई नगर, ठण्डी सड़क, माया पैलेस चौराहा, गोदाम चौकी तिराहा, पटियाली गेट, नन्नूमल चौहारा सहित अन्य स्थानों पर भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया जिला मजिस्ट्रेट ने जनपद में संवेदनशीलता को दृष्टिगत सेक्टर, जोनल व्यवस्था की थी लागू

## एक अभियुक्त 500 ग्राम डायजापाम के साथ गिरफ्तार




निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री उदयशंकर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने हेतु मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा दिनांक 16.06.2022 को समय करीब 23.30 बजे मुखबिर की सूचना पर रोडवेज बस स्टैंड के पास थाना कोतवाली नगर एटा से एक अभियुक्त सोनू उर्फ भोला पुत्र पप्पू निवासी भगीपुर थाना कोतवाली नगर एटा को 500 ग्राम डायजापाम के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मु0अ0सं0 402/2022 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की

## नशा युवा पीढ़ी के लिए अभिशाप - कौशल किशोर

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



एटा-कासगंज- नौजवानों युवाओं छात्रों एवं समाज के सभी वर्गों को नशा मुक्त किए जाने के उद्देश्य हेतु शहर के डीएवी इंटर कॉलेज में नशा मुक्त समाज आंदोलन कार्यक्रम का आयोजन किया गयाद्य प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था राष्ट्रीय युवा शक्ति के तत्वावधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम में भारत सरकार के केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री कौशल किशोर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित रहे द्य कार्यक्रम में नशे की रोकथाम को लेकर विभिन्न क्षेत्रों में चलाए जा रहे अभियान के लिएलिए विशिष्ट व्यक्तियों को तुलसी सम्मान से विभूषित किया गया। नशा मुक्त समाज आंदोलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए भारत सरकार के केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि नशा युवाओं के लिए अभिशाप है द्य आज की युवा पीढ़ी नशे की गिरफ्त में है द्य बहुत सारे परिवार और घर नशे से बर्बाद हो रहे हैं द्य युवा नशे के मकड़जाल में फंसकर अपने जीवन को नष्ट कर लेता है ,ऐसी स्थिति में आज युवाओं को समाज को जागरूक बनाने की आवश्यकता है जिससे वह जीवन को महत्व को समझें और नशे से दूर रहे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने कहा कि आज जो सोशल मीडिया के साथ ही साथ संचार के विभिन्न माध्यमों के माध्यम से हमें युवाओं को जागरूक करना होगा द्य चाहे वह व्हाट्सएप ट्विटर हो फेसबुक हो या फिर मैसेंजर हो हमें हर जगह नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी और हर व्यक्ति से एक व्यक्ति को नशा मुक्त रखने का संकल्प दिलाना होगा द्य ऐसी स्थिति में हम 8 महीने में पूरे भारतवर्ष के लोगों को नशा से मुक्त रखने के प्रति जागरूक बना सकते हैं ,संकल्प दिला सकते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वह हो नशे का विरोध करें और नशा करने वालों को समझाएं, युवा पीढ़ी को नशे की गिरफ्त में जाने से बचाएं। आरके तिवारी क्षेत्राधिकारी दीपकुमार पंत्र क्षेत्राधिकारी अजीत चौहान एसडीएम रविंद्र कुमार तहसीलदार लाल धर यादव प्राचार्य डॉ राकेश मधुकर जेलर एन सिंह प्रभारी अधीक्षक अलीगढ़ पी के सिंह डाइट प्राचार्य जितेंद्र सिंह ब्रह्मकुमारी बहन सरोज अधीक्षक एटा अमित चौधरी जेल अधीक्षक मैनपुरी कोमल मिगलानी को तुलसी सम्मान से विभूषित किया गया। इस अवसर पर सहायक श्रम आयुक्त श्रीमती हेमा विनय जैन कैप्टन आलोक दुबे आदित्य शुक्ला ज्ञान जी शिक्षा मित्र संघ के प्रमोद शर्मा पूर्व प्रधान मनीष पचौरी डॉ मनोज यादव समाजसेवी मनोज यादव सुरेंद्र उपाध्याय लोकेंद्र मिश्रा एडवोकेट वरिष्ठ अधिवक्ता महेश चंद शर्मा श्रीमती प्रीति शर्मा श्रीमती कामिनी शर्मा कुमार सौहार्द रघुनंदन कुमार सर्वज्ञ रघुनंदन कुमारी दिव्यांजलि डॉ मनोज शर्मा अमित स्वरूप सक्सेना आदर्श श्रीवास्तव आस्तिक पांडे श्रीमती आकांक्षा पांडे सरदार अनूप सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में छात्र नौजवान एवं संभ्रांत वर्ग के लोग उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ हास्य एवं विंग के कवि निर्मल सक्सेना ने किया।


आवश्यकता है

उत्तर प्रदेश/ उत्तराखंड में रिपोर्टर,विज्ञापन एजेंसी के लिए संपर्क करे- knlslive@gmail.com 9027776991,
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच में खबरों और विज्ञापन के लिए संपर्क करे- 7906743371, 9458664527

# वन विभाग व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की निष्क्रियता के चलते जंगल में लगातार हो रही साल बीजा की पेड़ों कटाई

## अंधाधुंध कटाई से जंगल अब ठूंठ में बदलने लगे

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- बिहारपुर-सूरजपुर जिले के ओडगी विकासखंड के सीमावर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत उमझर, रामगढ़, खोहिर, बैजनपाठ, कोल्हुआ,चौगा, खैरा, करौटी, जुड़वनिया, कछवारी, महुली ,मोहरसोप, क्षेत्र में साल बीजा सहित अन्य इमारती पेड़ों की अवैध कटाई जोरों पर है। सालों से हो रही अवैध कटाई पर वन विभाग व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का मौन रहना आश्चर्यजनक है। एक ओर बरसात शुरू होते ही कृषक वन भूमि पर कटाई कर अवैध कब्जा कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर लकड़ी तस्कर इमारती लकड़ी विशेषकर साल बीजा की लकड़ी की अवैध कटाई कर उसे सिल्ली बनाकर बेचने में निरंतर बेखौफ लगे हैं। यह भी सही हैं कि अवैध कटाई से लेकर गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान बेरियर के रास्ते मध्यप्रदेश में बिक्री का पूरा कार्य खुलेआम चल रहा है। फिर भी वन विभाग व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों का आंख मूंदकर बैठना यह साबित करता है कि जंगलों की अवैध कटाई वन विभाग व घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की सरपरस्ती पर खुलेआम चल रही है। जंगलों के संरक्षण संवर्धन तथा वनों की सुरक्षा के लिए केंद्र व राज्य सरकार प्रतिवर्ष क्षेत्र में करोड़ों रुपए खर्च कर रही है किंतु पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने में विभाग पूरी तरह असफल रहा है या यूं कहें कि वन विभाग राष्ट्रीय उद्यान अवैध कटाई व वन तस्करों के संरक्षण को लेकर कार्य कर रहा है तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी।



### अंधाधुंध कटाई से जंगल अब ठूंठ में बदलने लगे

वन परिक्षेत्र बिहारपुर एवं गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान महुली क्षेत्र के जंगलों में जारी है साल बीजा पेड़ों की अवैध कटाई बिहारपुर क्षेत्र के जंगल में पहाड़ी तक सैकड़ों नहीं हजारों की तादाद में साल के पेड़ों की अवैध कटाई की गई है। इनके टूट अभी भी मौजूद हैं जिन पर वन विभाग व गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान ने कोई कार्रवाई नहीं की है। इससे वन तस्करों के हौसले बुलंद हैं और अब वे सड़क किनारे के पेड़ों को काटकर मोटरसाइकिल साइकल एवं कंघा में परिवहन करने में लगे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण ग्राम कछवारी,खोहिर,कोल्हुआ का जंगल है जहां एक बड़ा वन तस्कर गिरोह कार्यरत है जो वन अधिकारी, कर्मचारियों की मिलीभगत से वनों को खत्म करने में लगा है। यदि यही हाल रहा तो आच्छादित वनों के लिए विख्यात यह आदिवासी क्षेत्र जल्द ही समाप्ति की ओर होगा। यही स्थिति रहा तो रिलायंस,ऐसार, अदानी, जैसे कंपनियां यहां कार्य करेंगे हाथी भालू हिरण जैसे अन्य जंगली जानवर दिन प्रतिदिन क्षेत्र में विलुप्त होते जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि इसकी सूचना पर्यावरण प्रेमियों ने वन अधिकारियों को न दी हो किंतु तस्करों से मिलीभगत के चलते अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।



ग्रामीणों ने बताया कि उन्होंने अपने स्तर पर प्रभारी रेंजर वनरक्षक व डिप्टी रेंजर को शिकायत भी की थी किंतु उन्होंने जंगल में कोई ध्यान नहीं दिया।

### ईंट भट्ठे भी बेखौफ चल रहे

वन क्षेत्र में इन दिनों ईंट भट्ठों की भी भरमार है किंतु न तो राजस्व विभाग और न ही वन विभाग इन पर कोई कार्रवाई कर रहा। स्वयं के मकान बनाने के नाम पर बीस हजार ईंट बनाने की छूट का लोग धड़ल्ले से फायदा उठा रहे हैं और लाखों की तादाद में ईंट बन रही है। इसके लिए ईंधन के रूप में बेशकीमती लकड़ी वनों से काटकर लाई जा रही है इस पर वन विभाग का मौन रहना समझ से परे है।

### वन सुरक्षा समितियां भी नदारथ

शासन ने पर्यावरण को बढ़ावा देने वनों की सुरक्षा करने गांव-गांव में वन सुरक्षा समितियों का गठन भी किया है जो वनों की सुरक्षा के साथ साथ पर्यावरण जागरूकता के लिए भी कार्य करती हैं किंतु यहां तो वन सुरक्षा समिति सिर्फ कागजों में बनी हुई है। इसलिए वनों की सुरक्षा ताक पर है और वन तस्कर खुलेआम शासन के नियमों की



धज्जियां उड़ा रहे हैं। जब हमने क्षेत्र का पैदल भ्रमण किया तो सिर्फ 10 एकड़ के क्षेत्र में ही सैकड़ों की तादाद में साल के पेड़ों की कटाई दिखाई दी।

# पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने गठित किया 50 अधिकारी-कर्मचारियों का रिजर्व पुलिस टीम

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- किसी भी घटना-दुर्घटना के कारण कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर उसके नियंत्रण के लिए पुलिस फोर्स की उपलब्धता सुनिश्चित कराने, बल को एकत्र करने में लगने वाले समय को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने 50 पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों की रिजर्व पुलिस टीम का गठन कर सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया है। शुक्रवार, 17 जून को पुलिस अधीक्षक ने रिजर्व पुलिस टीम को उनके कार्यों के बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए टीम को कहा कि कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर तत्परता के साथ जल्द से जल्द बलवा ड्रिल सहित अन्य जरूरी उपकरण के साथ मौके पर पहुंचे और मजबूती के साथ प्रभारी अधिकारी के निर्देश पर ड्यूटी करें। उन्होंने टीम का एक व्हाट्स एप ग्रुप भी बनवाया है ताकि जवानों को सूचना आदान-प्रदान की जा सके। इस दौरान एएसपी ए.के.जोशी, एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी, एसडीओपी प्रेमनगर प्रकाश सोनी, एसडीओपी प्रतापपुर अमोलक सिंह, एसडीओपी ओड़गी राजेश जोशी, एसआई शिवकुमार खुटे सहित क्यूआरटी के जवान मौजूद रहे।

# महायोजना. कुइयांबूट खारबंदी कृषि क्षेत्र आवासीय व व्यावसायिक प्रस्तावित

हारून बक्श
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



फर्रुखाबाद - नगर मजिस्ट्रेट एवं विनियमित क्षेत्र की नियत प्राधिकारी दीपाली भार्गव ने आज फर्रुखाबाद फतेहगढ़ महायोजना 2021 के प्रारूप को जारी कर दिया। नियत प्राधिकारी विनियमित क्षेत्र के कार्यालय में लगाये गये मानचित्र का डीएम संजय कुमार सिंह ने फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। प्रस्तावित महा योजना के प्रारूप के संबंध में जिलाधिकारी संजय कुमार ने मीडिया को अवगत कराया कि नगर में तीव्र गति से हो रहे भौतिक विकास और जनसंख्या के लगातार जमाव होने की प्रवृत्ति के कारण अनियोजित निर्माण प्रक्रिया तीव्र गति से होती जा रही है। जिसके परिणाम स्वरूप विभिन्न प्रकार की समस्याएं जैसे यातायात समस्या सड़कों पर अतिक्रमण प्रदूषण एवं पर्यावरण खुले स्थानों का अभाव जैसी समस्याएं दिन प्रतिदिन प्रबल होती जा रही हैं। इस कारण महायोजना को संशोधित किया जाना अपरिहार्य हो गया था। प्रदर्शनी स्थल पर उपस्थित कंसलटेंट इन के बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड जयपुर के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान महायोजना 2021 प्रारूप जीआईएस तकनीक के आधार पर तैयार किया गया है।कायमगंज रोड पर रोशनाबाद जाने वाली सड़क के तिराहे से रेलवे लाइन तक नया क्षेत्र आवासीय प्रस्तावित किया गया है। बजरिया जसमई चौराहा से मुहास जाने वाली सड़क पर 1163 मीटर लंबाई लेते हुए ग्राम अजमतपुर तक आवासीय व्यवसायिक व पार्क के लिए क्षेत्र प्रस्तावित किया गया है। कायमगंज बाईपास पर ग्राम कुइयांबूट खारबंदी में सड़क के दक्षिण और जो कि पूर्व में कृषि क्षेत्र था उसे आवासीय, व्यवसायिक व पार्क के रूप में प्रस्तावित किया गया है।

# स्पंदना स्फूर्ती फायनेंस कंपनी के ग्राहकों की राशि निकाल धोखाधड़ी करने के मामले में 1 आरोपी गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- मानपुर स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक स्पंदना स्फूर्ती फायनेंस कंपनी के प्रबंधक रितेश टंडन थाना सूरजपुर में लिखित आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि सुनील यादव व 1 अन्य व्यक्ति के द्वारा स्पंदना स्फुर्ती फायनेंस कंपनी के माध्यम से महिलाओं का समूह बनाकर ऋण दिया जाता था जिसे दोनों कर्मचारियों ने कस्टमर के नाम पर बिना किसी जानकारी के उनके नाम पर लोन लेकर राशि को खुद अपने उपयोग में



लाया गया, इन दोनों के द्वारा 38 ग्राहकों का रकम 523914 रूपये निकाल कर धोखाधड़ी किया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर दोनों आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 206/19 धारा 420, 409, 34 भादसं. का मामला पंजीबद्ध किया गया, मामला पंजीबद्ध होने के बाद से ही दोनों आरोपी फरार थे। पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ने प्रकरण में फरार आरोपियों की पतासाजी कर जल्द पकड़ने के निर्देश थाना प्रभारी को दिए। एसडीओपी सूरजपुर गीता वाघवानी के मार्गदर्शन में पुलिस की टीम आरोपियों की पतासाजी में लगी थी इसी बीच नई तकनीक की मदद से जानकारी मिली कि आरोपी मध्यप्रदेश के अनुपपुर में है जिसके बाद थाना सूरजपुर की पुलिस ने अनुपपुर पहुंची और घेराबंदी कर आरोपी सुनील यादव पिता सुरेश यादव उम्र 31 वर्ष ग्राम पसला, जिला अनुपपुर मध्यप्रदेश को पकड़ा। पूछताछ पर आरोपी ने धोखाधड़ी को अपने 1 साथी के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। मामले में आरोपी को विधिवत् गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी सूरजपुर प्रकाश राठौर, एएसआई कृष्णा यादव, प्रधान आरक्षक मोहम्मद तालिक शेखआरक्षक कैलाश यादव, रौशन सिंह व युवराज यादव सक्रिय रहे।